आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर
दिनांक : 29.06.2024
समय : 0705

<><><><><><><>

- पोर्ट ब्लेयर के वीर सावरकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे में रात्रि यात्री विमान सेवा संचालित करना आसान हो गया है—कल एयर बस ए—321 ने सफलतापूर्वक लैंण्डिंग की।
- कला और संस्कृति विभाग की ओर से पेपर माचे और पेंटिंग पर आयोजित ग्रीष्मकालीन अभिरूचि कक्षाओं का कल समापन हो गया।
- हाथों और औजारों से काम करने वाले कारीगर और शिल्पकारों के सामाजिक आर्थिक उत्थान के लिए प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है।
- अंडमान निकोबार प्रशासन के विभिन्न विभागों में नव—नियुक्त निम्न श्रेणी लिपिकों के लिए हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है।
- अंडमान निकोबार पुलिस ने बड़ी मात्रा में पकड़े गए नशीले पदार्थों को नष्ट किया है।

<><><><><><><>

पोर्ट ब्लेयर का वीर सावरकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा अब रात में विमान संचालन के लिए पूरी तरह तैयार है। कल रात एयर इंडिया की कोलकाता से एक यात्री विमान को इस हवाई अड्डे पर उतारा गया। इस चाटर्ड विमान में अड़सठ सैन्य यात्रियों के साथ चालक दल के चार सदस्य थे। आई. एन. एस. उत्क्रोश के स्टेशन फ्लाइट सेफटी ऑफिसर कैप्टेन प्रीक्षीत महाजन ने बताया कि भारतीय विमानन प्राधिकरण और भारतीय नौसेना तथा अण्डमान निकोबार कमान की ओर से इसके लिए पिछले दो वर्षों के दौरान सुविधाएं विकसित करने में काफी मेहनत की गई थी। उन्होंने कहा कि सफलतापूर्वक आई. एन. एस. उत्क्रोश में रात्रि विमान का उतरना द्वीपसमूह के लिए हवाई संपर्क बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

<><><><><><><>

कला और संस्कृति विभाग की ओर से पेपर माचे और पेंटिंग पर आयोजित ग्रीष्मकालीन अभिरूचि कक्षाओं का कल समापन हो गया। अण्डमान क्लब में आयोजित समापन समारोह में कला और संस्कृति तथा सूचना प्रचार और पर्यटन सचिव विश्वेन्द्र मुख्य अतिथि थे। उन्होंने प्रतिभागियों से अपनी प्रतिभा का सही इस्तेमाल करने को कहा, ताकि वे आजीविका कमाने के साथ—साथ अपने कौशल का भी विकास कर सकें। उन्होंने प्रतिभागियों से शैक्षणिक और खेल गतिविधियों के अलावा अपनी रचनात्मक प्रतिभा को दिखाने का आग्रह

किया। उन्होंने कहा कि उनका विभाग शुरू से ही प्रतिभाओं को दिखाने में सहायता के लिए इस तरह की अभिरूचि कक्षाओं का आयोजन जारी रखेगा। उन्होंनें प्रतिभागियों में प्रमाण पत्रों का वितरण किया। सम्माननीय अतिथि नन्दिनी महाराज ने कहा कि कला और संस्कृति विभाग आने वाले दिनों में भी विभिन्न कार्यशालाओं का आयोजन करता रहेगा। इस अवसर पर अभिरूचि कक्षा के गुरू महानन्दा गोमास्ता को भी सम्मानित किया गया।

<><><><><><><>

हाथों और औजारों से काम करने वाले कारीगर और शिल्पकारों के सामाजिक आर्थिक उत्थान के लिए प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। आई टी आई डॉलीगंज में दर्जी में प्रशिक्षण देने के लिए सुविधा उपलब्ध कराई गई है। कुल बत्तीस लाभार्थियों का चयन किया गया है, जिन्हें प्रशिक्षण के माध्यम से उनका कौशल विकास किया जाएगा। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का लाभ उठाने वाले द्वीपों के सभी पारंपरिक कारीगर और शिल्पकारों से सामान्य सेवा केन्द्रों के माध्यम से अपने आप को पंजीकृत कराने को कहा गया है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रशासन के विभिन्न विभागों में नवनियुक्त निम्न श्रेणी लिपिकों के लिए हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। राजभाषा सचिव डॉ. अनिल अग्रवाल ने इसका उद्‌घाटन किया। अपने संबोधन में उन्होंने प्रतिभागियों से शासकीय कार्यों को हिन्दी में करने का अनुरोध करते हुए कहा कि द्वीपसमूह में कई भाषा बोलने वाले लोग रहते हैं, लेकिन हिन्दी हम सब के बीच संपर्क भाषा के रूप में विद्यमान है। स्कूल स्तर पर भी हिन्दी पढ़ाई जाती है और सरकारी कर्मचारी बनने के बाद हिन्दी में काम करना और आसान हो जाता है। उन्होंने कहा कि अब कई सॉफ्टवेयर भी उपलब्ध है। इससे हिन्दी में काम करना आसान हुआ है। राजभाषा के उप–सचिव राजेन्द्र इंदीवार ने उपस्थिति का स्वागत करते हुए कार्यशाला के आयोजन के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रशासन अपने कर्मचारियों के लिए चरणबद्ध तरीके से कार्यशाला आयोजित करने की रूपरेखा तैयार की है, ताकि राजभाषा को बढ़ावा मिल सके।

<><><><><><><>

गर्मी की छुट्‌टी के बाद पहली जुलाई से द्वीपों में स्कूल पुनः खुलेंगे। इस सिलसिले में चिन्मय मिशन पोर्ट ब्लेयर में आज सुबह साढ़े आठ बजे विद्यार्थियों के लिए विशेष गणपति पूजा का आयोजन किया गया है। मिशन ने सभी विद्यार्थियों और अभिभावकों को इसमें आमंत्रित किया है।

<><><><><><><>

नागरिक आपूर्ति विभाग जुलाई और अगस्त के दो महीने का खाद्यान्न लाभार्थियों में एक साथ जारी करेगा। राशन कार्ड धारक जुलाई में ही खाद्यान्न खरीद सकते हैं। जो कार्डधारक जुलाई माह में राशन नहीं उठा पाएंगे, वे अगस्त महीने में राशन उठा सकते हैं।

<><><><><><><>

टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय में विभिन्न विषयों में अतिथि प्रवक्ताओं की सूची तैयार की जाएगी। बी एड और आई टी ई पी कार्यक्रमों के लिए चुने जाने वाले उम्मीदवारों के लिए नियम और शर्तें तथा शैक्षणिक योग्यता कॉलेज के सूचना पट्ट पर दर्शा दी गई हैं। इच्छुक उम्मीदवारों से बीस जुलाई तक पूर्ण दस्तावेजों के साथ कॉलेज प्राचार्य के पते पर आवेदन करने को कहा गया है। मूल प्रमाणपत्रों की जांच तेईस से पच्चीस जुलाई के बीच सुबह दस बजे से शाम चार बजे तक कॉलेज में की जाएगी।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार पुलिस ने बड़ी मात्रा में पकड़े गए नशीले पदार्थों को नष्ट किया है। नष्ट किए गए इन पदार्थों की कीमत कई करोड़ रूपये आंकी गई है। हाल ही में उच्चतम न्यायालय के निर्देश पर सी आई डी इकाई की ओर से जी बी पंत अस्पताल परिसर में ज़ब्त किए गए इन नशीले पदार्थों को नष्ट किया गया। इनमें कई किलो नशीली दवा के साथ उनहत्तर किलो से अधिक गांजा, एक किलो से अधिक कोकीन, चरस और कुछ नशीली दवाईयों को नष्ट किया गया। इससे पहले इस वर्ष अप्रैल में भी इसी तरह की कार्रवाई को अंजाम दिया गया, जिसमें एन डी पी एस से जुड़े मामलों में ज़ब्त किए गए नशीले पदार्थों को नष्ट किया गया। नशाखोरी और अवैध कारोबार के विरूद्ध अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाए जाने के सिलसिले में अंडमान निकोबार पुलिस की ओर से शैक्षणिक संस्थानों और सरकारी कार्यालयों में जागरूकता अभियान भी चलाया गया। पुलिस ने नशीले पदार्थों के कारोबार से जुड़े लोगों के बारे में फोन पर सूचना देने का अनुरोध किया है, ताकि द्वीपसमूह को नशामुक्त बनाया जा सके।

<><><><><><><>

एम वी स्वराजद्वीप आज पोर्ट ब्लेयर से विशाखापत्तनम जाएगा। यात्रियों की स्वास्थ्य परीक्षा सुबह आठ बजे आरंभ होगी। जहाज़ सुबह दस बजे हैडो जेट्टी से छूटेगा।

<><><><><><><>

सरकार ने यह सुनिश्चित करने के लिए कर्मचारी पेंशन योजना में संशोधन किया है कि छह महीने से कम अंशदायी सेवा वाले ई.पी.एस. सदस्यों को भी निकासी लाभ मिले। इस संशोधन से हर साल सात लाख से अधिक ई.पी.एस. सदस्यों को लाभ होगा, जो छह महीने से कम अंशदायी सेवा के साथ योजना छोड़ देते हैं।

<><><><><><><>

नई दूरसंचार अधिनियम–दो हजार तेईस, में नागरिकों की निजता और दूरसंचार नेटवर्क की सुरक्षा को मजबूत किया गया है। ये अधिनियम आंशिक रूप से इस साल छब्बीस जून से लागू हुआ है। दूरसंचार विभाग ने बताया है कि इस अधिनियम ने भारतीय टेलिग्राफ अधिनियम अट्ठारह सौ पिचासी और भारतीय वायरलेस टेलिग्राफ अधिनियम–उन्नीस सौ पैंतीस का स्थान लिया है।

<><><><><><><>

पोर्ट ब्लेयर के जंगलीघाट के कुछ भाग के अलावा वी आई पी रोड़ और पुलिस लाईन में आज सुबह आठ बजे से दिन में दो बजे तक बिजली की आपूर्ति बाधित रहेगी। रवीन्द्र बांगला स्कूल के नजदीक बिजली से संबंधित कार्य किए जाने के चलते यह कटौती होगी। ।

<><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

पोर्ट ब्लेयर के आई एन एस उत्क्रोश में कल रात एयर बस ए–321 की सफलतापूर्वक लैंडिंग और इससे हवाई संपर्क को बढ़ाने में मदद मिलने के समाचार को आज के समाचार पत्रों ने अपनी बड़ी खबर बनाया है–द डेली टेलीग्राम्स और द्वीप समाचार ने इन खबरों को प्रमुखता देते हुए सचित्र प्रकाशित किया है। दक्षिण अण्डमान ज़िला परिषद अध्यक्ष के नेतृत्व में एक टीम द्वारा अभ्युदय परिसर का दौरा करने के समाचार को भी इन अखबारों ने पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है। तीन नए आपराधिक कानून के बारे में जानकारी देने के लिए निकोबार पुलिस की ओर से जागरूकता कार्यकम आयोजित करने के समाचार को अण्डमान क्रोनिकल ने पहले पन्ने के मध्य में जगह दी है।